# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# JANANAYAK CHANDRASHEKHAR UNIVERSITY, BALLIA



## SAMARTH ID - (JNCUURN) पंजीकरण की प्रक्रिया

जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया एवं उसके संबद्ध सभी महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश से पूर्व नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपना पंजीकरण (JNCUURN) कराना अनिवार्य है।

### पंजीकरण की प्रक्रियाः-

1. जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया की प्रवेश संबंधी आधिकारिक वेबसाइट http://jncuadm.samarth.edu.in पर जाएं।
2. वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक Click here for Jananayak Chandrashekhar University Registration Number पर क्लिक करें।
3. खुले हुए पेज के दाहिनी ओर स्थित New Registration पर क्लिक करके अपना लॉगिन आईडी (Login ID) बनाएं।
4. पंजीकरण ईमेल आईडी के माध्यम से किया जाएगा, और एक ईमेल आईडी से केवल एक ही पंजीकरण किया जा सकता है, जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा। इसलिए मान्य (सही और सक्रिय) ईमेल आईडी का ही उपयोग करें, क्योंकि ओटीपी (OTP) उसी ईमेल पर भेजा जाएगा।
5. बनाए गए Login ID एवं पासवर्ड को नोट करके सुरक्षित रखें।
6. Login ID बनाने के बाद, उसी पेज पर दाहिनी ओर "Login" पर क्लिक करें और अपना पूर्ण विवरण (नाम, पिता का नाम, माता का नाम, ईमेल आदि) भरकर अपनी प्रोफाइल (Profile) को पूर्ण करें।
7. प्रोफाइल पूर्ण करने के बाद ₹100/- का भुगतान वेबसाइट पर दिए गए Payment Gateway के माध्यम से करें।
8. यदि खाते से राशि कट जाए लेकिन भुगतान सफल Successful न हो, तो 48 घंटे तक दुबारा भुगतान न करें।
9. भुगतान सफल होते ही आपका JNCUURN नंबर जनरेट हो जाएगा, जिसे नोट करके सुरक्षित रखें।
10. आप अपने पंजीकरण (JNCUURN) का प्रिंट (Print Form) पर क्लिक करके कभी भी प्राप्त कर सकते हैं।
11. यदि कोई अभ्यर्थी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहता है, तो उसे पहले पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद उसे एक JNCUURN नंबर प्राप्त होगा, जिसे महाविद्यालय में प्रस्तुत करने के बाद ही प्रवेश मिलेगा।

# JNCUURN पंजीकरण के उपरांत Online Admission Form भरने की प्रक्रिया

पंजीकरण (JNCUURN) के उपरांत जो अभ्यर्थी जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया परिसर में प्रवेश चाहते हैं, उन्हें कार्यक्रम अनुसार (Programme Wise) ऑनलाइन आवेदन करना होगा एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। इसकी प्रक्रिया निम्नानुसार है:-

1. Click here for Online Admission Application form UG-PG 2025&26 & Apply Now पर क्लिक करें।
2. Programme Level जैसे स्नातक कार्यक्रमों (UG Programmes) के लिए Bachelor, परास्नातक कार्यक्रमों (PG Programmes) के लिए Master या अन्य का चयन करें।
3. इसके उपरांत Programme के अंतर्गत जिस पाठ्यक्रम में आवेदन करना है, उसका चयन करें।
4. Academic Detail को पूर्ण करें तथा संबंधित कार्यक्रम के लिए अपनी Eligibility की जांच कर लें।
5. संबंधित Documents Upload करें।
6. Online Admission Application Form का पूरा Preview देखें। यदि कोई त्रुटि दिखाई देती है तो Submit करने से पहले उसे सही करें।
7. जिस पाठ्यक्रम में आवेदन करना है, उसका निर्धारित Application Fee का Payment करें।
8. खाते से भुगतान कट जाने पर यदि भुगतान Successful न हो, तो 48 घंटे तक दोबारा भुगतान न करें।
9. प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद Online Admission Application Form जनरेट हो जाएगा, जिसका एक प्रिंट अवश्य रखें।
10. प्रत्येक अभ्यर्थी का एक ही ID-JNCUURN होगा। इसी JNCUURN के माध्यम से वह प्रत्येक Programme के लिए अलग-अलग आवेदन करेगा।

